हिंदी दैनिक

**नागपुर मेट्रो समाचार**

# मेट्रो सिटी

नागपुर, मंगलवार, 18 फरवरी 2025

## सड़क किनारे मिले अज्ञात व्यक्ति की मौत

**नागपुर.**

बेलतरोडी पुलिस थाना क्षेत्र के ओमनगर, शिवाय नामक पानठेला और द्वारका रेस्टॉरेंट के पास एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली है। यह व्यक्ति लगभग 45 वर्ष की उम्र का था और बेहोशी की हालत में सड़क किनारे मिला था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल भेजा।

जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। फरियादी निलेश बाधाराय पडोले (31) बालाजी मंदिर के पास शंकरपूर निवासी ने पुलिस को इस मामले की सूचना दी थी। पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस द्वारा मृतक के पहचान की कोशिश की जा रही है।

# रमाई घरकुल योजना के जोन स्तरीय शिविर का उद्घाटन

### 17 से 21 फरवरी तक शिविर: अधिकाधिक लाभार्थियों से लाभ उठाने की अपील



**नागपुर.**

अनुसूचित जाति और नवबौद्ध समुदायों के लिए रमाई घरकुल योजना के क्षेत्रीय स्तरीय शिविर का उद्घाटन सोमवार (17) को नागपुर महानगरपालिका और सहायक आयुक्त समाज कल्याण विभाग के सहयोग से किया गया। यह शिविर नागपुर महानगरपालिका के सभी दस जोन कार्यालयों में आयोजित किया गया तथा शिविर का मुख्य उद्घाटन समारोह आशी नगर जोन कार्यालय में आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज कल्याण विभाग के क्षेत्रीय उपायुक्त बाबासाहेब देशमुख, नगर निगम की मुख्य अभियंता लीना उपाध्याय, समाज कल्याण विभाग की सहायक आयुक्त सुकेशनी तेलगोटे, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता कमलेश चव्हाण, अजय पजारे, उप अभियंता वैजंती आड़े और अन्य उपस्थित थे। उन्होंने यह भी कहा कि गरीबों के लिए 2.5 लाख रुपये की मदद से पक्का मकान बनाना खुशी की बात है, उन्होंने शिविर में नियुक्त कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे शिविर में नागरिकों की समस्याओं को समझें तथा उन्हें दस्तावेजों के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान करें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने की अपील की कि कोई भी आवेदन अस्वीकृत न हो तथा प्रत्येक लाभार्थी को योजना का लाभ मिले। रमाई घरकुल योजना महाराष्ट्र राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों और नव-बौद्ध समुदायों के लिए है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को तीन किस्तों में 2.5 लाख रुपये का अनुदान दिया जाता है। अब तक नागपुर शहर में 5277 लाभार्थियों को इस योजना के लिए मंजूरी दी गई है, और 5272 लाभार्थियों को पहली किस्त, 4381 लाभार्थियों को दूसरी किस्त और 3377 लाभार्थियों को तीसरी किस्त वितरित की गई है। शेष 1004 लाभार्थियों के लिए मार्च 2025 तक आवासों का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है।

### आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज

1. आवेदक का जाति प्रमाण पत्र
2. आवेदक के नाम पर गृहकर रसीद
3. यदि घर किसी झुग्गी बस्ती में स्थित है तो झुग्गी प्रमाण पत्र
4. भूमि स्वामित्व विलेख/संपत्ति विलेख यदि स्वामित्व में हो
5. आय प्रमाण पत्र
6. बिजली बिल 7. आधार कार्ड
8. चुनाव मतदाता पहचान पत्र
9. बैंक पासबुक की फोटोकॉपी
10. घरेलू शपथ पत्र 100 रुपये स्टाम्प पेपर पर

11 घर की तस्वीर

**नियम और शर्तें**

- लाभार्थी अनुसूचित जाति और नव-बौद्ध समुदाय से संबंधित होना चाहिए।
- लाभार्थी की आय 3 लाख से कम होनी चाहिए
- लाभार्थी महाराष्ट्र राज्य का निवासी होना चाहिए।
- लाभार्थी का मकान कच्चा होना चाहिए।
- लाभार्थी का घर घोषित मलिन बस्ती या स्वयं के स्वामित्व वाली भूमि पर होना चाहिए।

# कुख्यात अपराधी की चाकू से गोद कर हुई हत्या

### सोमवारी क्वार्टर परिसर की घटना, तीन गिरफ्तार

**नागपुर.**



सक्करदरा पुलिस थाने के सोमवारी क्वार्टर परिसर स्थित शाहू गार्डन के पास बीती रात करीब 10:10 बजे के दौरान हत्या की यह घटना हुई। मृतक 28 वर्षीय सोमवारी क्वार्टर नंबर 206/1, शाहू गार्डन के पास निवासी कार्तिक उमेश चौबे बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार बीती रात कार्तिक चौबे अपने दोस्त रोशन गायकवाड और दो अन्य साथियों के साथ घर के पास ही सड़क किनारे बैठ कर शराब पीने के लिए बैठे थे। इस दौरान उनका आपस में किसी बात को लेकर वाद विवाद हुआ जिसमें कार्तिक ने बीयर की बोतल फोड़ कर रोशन पर हमला करने का प्रयास किया। इस हमले के बाद रोशन ने अपने पास के चाकू से कार्तिक पर तीन बार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया जबकि उसके दो अन्य साथियों ने हाथ मुक्की से कार्तिक की पिटाई कर दी। हालांकि इस घटना के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए । बाद में गंभीर रूप से घायल कार्तिक को लोगों ने इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल करवाया और घटना की जानकारी पुलिस को दी।बताया जा रहा है कि कार्तिक चौबे के खिलाफ इससे पहले हत्या, चोरी मारपीट जैसे कई मामले दर्ज है और वह कुछ दिन पहले ही जेल से छूट कर बाहर आया था । जबकि आरोपी रोशन गायकवाड सहित उसके अन्य साथियों के खिलाफ भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. वर्चस्व की लड़ाई के चलते यह हत्या होने की चर्चा है जिसकी जांच पुलिस कर रही है. पुलिस ने फरियादी की आरती उमेश चौबे (55) की शिकायत पर हत्या के तहत मामला दर्ज किया है। सोमवार शाम पुलिस ने इस हत्या के मामले में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में रोशन गायकवाड, सत्यशील गजभिए और करण हाडके का समावेश है। तीनों ही आरोपियों को मंगलवार को पुलिस कोर्ट में पेश करने वाली है।

## चाकू लेकर हुड़दंग मचाता आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**

एमआईडीसी पुलिस की टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान एक आरोपी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि संजय नगर, पुराने रेलवे क्वार्टर के पास एक व्यक्ति चाकू लेकर लोगों को धमका रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर आरोपी का पीछा किया। जब पुलिस ने आरोपी को देखा, तो वह भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ा। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान शुभम बहुजी देऊलकर (30), दुर्गानगर, निवासी के रूप में हुई है।आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से एक लोहे का चाकू बरामद हुआ। आरोपी ने चाकू लेकर प्रतिबंधित क्षेत्र में घुमने की जानकारी दी और यह भी बताया कि उसने मनाही आदेश का उल्लंघन किया है। इस मामले में एमआईडीसी पुलिस स्टेशन ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 4/25, 142, 135 म.पो. का. के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# शंकालु पति ने पत्नी पर किया जानलेवा हमला

### > खुदकुशी का भी किया प्रयास
### > बचाव के दौरान बेटा भी घायल

**नागपुर.**

नंदनवन इलाके में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया और फिर खुद की जान लेने की कोशिश की। इस हमले में उसका 14 साल का बेटा भी घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल करवाया है और आगे की जांच कर रही है।

यह घटना जुना बगड़गंज इलाके में सोमवार तड़के करीब 4 के दौरान हुई। आरोपी पति 36 वर्षीय रवि नांदूरकर है जो दुपहिया गाड़ियों के सीट कवर और जूतों की सिलाई का काम करता है। उसके परिवार में पत्नी पिंकी (36) बेटा पीयूष (14) और



यश (12) है. उसने अपनी पत्नी पिंकी नांदूरकर (36) पर तड़के 4 बजे चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। शोर मचाने पर बेटा पियूष जाग गया और पिता को रोकने की कोशिश की, लेकिन नांदूरकर ने उस पर भी चाकू से वार कर दिया, जिससे उसकी उंगली कट गई। हालांकि बचने के लिए पिंकी ने घायल अवस्था में ही किसी तरह दरवाजा खोला और बाहर गिर पड़ी। मकान मालिक ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची नंदनवन पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पिंकी की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला है कि आरोपी रवि शंकालु स्वभाव का था और अक्सर पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था,जिसके चलते अक्सर घरेलू झगड़े होते थे। साथ ही उसने साढ़े 3 लाख रुपए का कर्ज लिया था जिसके चलते भी वह अवसाद में था। 20 दिन पहले ही यह परिवार इस इलाके में किराए से रहने आया था, इसलिए मकान मालिक और पड़ोसियों को उनके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। इस हादसे के बाद बेटा पीयूष और यश गहरे सदमे में है। नंदूरकर दंपति पहले टेलीफोन एक्सचेंज चौक के पास किराए से रहते थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विजय भांडेकर की हत्या की साजिश

### उद्धव सेना नेता और बेटे समेत चार गिरफ्तार

**नागपुर.**

प्रॉपर्टी डीलर विजय उर्फ विजू भांडेकर पर हुए जानलेवा हमले की गुत्थी सुलझाते हुए पारडी पुलिस ने उद्धव सेना के विभाग प्रमुख अंकुश भोवते और उसके बेटे साहिल भोवते समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि भांडेकर की हत्या की सुपारी दी गई थी, लेकिन हमलावरों के नौसिखिए होने के कारण वे वारदात को अंजाम नहीं दे सके।

**इस तरह रची गई साजिश**

11 फरवरी की रात भांडेकर का बस्ती में एक नाबालिग युवक से मामूली विवाद हुआ था। अगले दिन 12 फरवरी की सुबह उसी नाबालिग ने अपने साथियों अश्विन बघेले (19), निवासी बीड़गांव और नितेश गजापुरे (19), निवासी तुलसी नगर के साथ मिलकर भांडेकर पर जानलेवा हमला कर दिया। प्रारंभ में उन्होंने पानठेले पर हुए विवाद को हमला करने का कारण बताया, लेकिन पुलिस जांच में हमले के पीछे जमीन विवाद का बड़ा षड्यंत्र सामने आया।



**20 हजार की सुपारी, हत्या के बाद मिलने थे 1 लाख**

जांच के दौरान पुलिस को आरोपियों के मोबाइल रिकॉर्ड में अंकुश भोवते और उसके बेटे साहिल से संपर्क की जानकारी मिली। भांडेकर ने भी भोवते के साथ जमीन सौदे को लेकर चल रहे विवाद की जानकारी दी, जिससे पुलिस का शक गहरा गया। पूछताछ के दौरान अंकुश और साहिल ने पहले गोलमोल जवाब दिए, लेकिन सख्ती बरतने पर उन्होंने भांडेकर की हत्या की सुपारी देने की बात कबूल कर ली। भोवते ने बीड़गांव की एक जमीन का सौदा भांडेकर से किया था, लेकिन भांडेकर अधिक कीमत मांग रहा था। इससे नाराज होकर भोवते ने भांडेकर की हत्या की योजना बनाई और अश्विन बघेले को 20 हजार रुपये एडवांस दिए, हत्या के बाद एक लाख रुपये देने का वादा किया। साहिल भोवते को आरोपियों के संपर्क में रहने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

**हत्या से पहले की गई थी रेकी**

हत्या की योजना के तहत आरोपी एक महीने से भांडेकर की निगरानी कर रहे थे। उन्होंने दो-तीन बार उसकी रेकी की और 11 फरवरी की रात उसका घर तक पीछा किया। 12 फरवरी की सुबह हमला किया, लेकिन नौसिखिए होने के कारण वे भांडेकर की हत्या नहीं कर सके और उसे गंभीर रूप से घायल करके भाग गए।

**गिरफ्तारी और आगे की जांच**

हमले के बाद अंकुश भोवते और उसका बेटा साहिल भूमिगत हो गए थे। पारडी पुलिस ने 18 फरवरी तक हिरासत में लेकर दोनों से कड़ी पूछताछ शुरू कर दी है। इस मामले की जांच डीसीपी निकेतन कदम के मार्गदर्शन में पीआई रणजीत सिरसाठ कर रहे हैं।

# सालगिरह मनाने के बाद घर लौट रहा था परिवार

### तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने मारी टक्कर, 2 की मौत

**नागपुर.**

गिट्टीखदान थाना क्षेत्र के काटोल रोड पर एक दर्दनाक दुर्घटना घटित हुई, जिसमें शादी की सालगिरह मनाने के बाद दो दोपहिया वाहनों से घर लौट एक परिवार परिवार को एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। यह हादसा 16 फरवरी की रात करीब 11:50 बजे के आसपास गोरेवाडा इलाके में हुआ। दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। फरियादी गौतम वासुदेवराजी धनवटे (37) की 16 फरवरी को शादी की सालगिरह थी। गौतम अपनी पत्नी तृणाली, बेटी प्रांजली, भतीजी पायल नितीन गुरकर, उसके बेटे हर्ष तुरकर और अपनी काकु प्रभाबाई प्रभाकर धनवटे के साथ कलमेश्वर से नागपुर के समता नगर, भूमि लेआउट में रहने वाले अपने बड़े भाई मुकेश धनवटे के यहां आए हुए थे। इस दोपहिया गाड़ी को पायल चला रही थी। आरोपी चालक नवीन रामजी पानसे (27) खापरी पोस्ट पोराड,तहसील कलमेश्वर निवासी ने तेज रफ्तार व लापरवाही से शराब के नशे में अपनी गाड़ी चलाते हुए पायल की दुपहिया गाड़ी को टक्कर मार दी।

इस दुर्घटना के बाद हालांकि आरोपी की पिकअप गाड़ी भी पलट गई और उसकी चपेट में गौतम की मोटरसाइकिल भी आ गई।

इस हादसे में दोनों वाहनों पर सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए मेओ अस्पताल में दाखिल करवाया।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**नागपुर.** जरीपटका थाना क्षेत्र में एक 70 वर्षीय वृद्ध की तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा सोमवार सुबह करीब 11:15 बजे रिंग रोड पर स्थित एक बार के पास हुआ। मृतक की पहचान हुडको कॉलोनी, जरीपटका निवासी दादाराव विक्तुजी मून के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दादाराव एक गली से निकलकर सड़क पार कर रहे थे, तभी वाहन के चालक ने तेज गति में उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दादाराव गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें इलाज के लिए मेयो अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# घातक शस्त्र रखने वाले आरोपी पुलिस हिरासत में

**नागपुर.**

क्राइम ब्रांच यूनिट क्र. 02 की पुलिस ने घातक शस्त्र रखने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई दिनांक 17 फरवरी 2025 को दोपहर 12:30 बजे से 1:30 बजे के बीच की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्राइम ब्रांच यूनिट 2 के अधिकारी और अमलदार पेट्रोलिंग कर रहे थे, तभी उन्हें गुप्त सूचना मिली कि गिट्टीखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत गणेश नगर, सुख सागर सोसायटी, प्लॉट नं. 93, दाभा निवासी विशाल दयाराम नाहरकर नामक व्यक्ति के पास घातक शस्त्र है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसके घर में छापा मारा,जांच के दौरान आरोपी के घर की तलाशी ली



गई, जहां किचन रूम के सज्जे पर रखी लोहे की तलवार बरामद की गई। आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया।

आरोपी के पास से घातक शस्त्र बरामद होने के कारण और मनाई आदेश का उल्लंघन करने के चलते गिट्टीखदान पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ भारतीय शस्त्र अधिनियम की धारा 4/25 तथा महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की जांच के लिए गिट्टीखदान पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से युवक की मौत


**नागपुर.** यशोधरानगर थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर हुए सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। एक तेज रफ्तार ट्रक ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में दम तोड़ दिया।

मृतक की पहचान वैष्णोदेवीनगर, कलमना निवासी कुणाल शारदाप्रसाद मिश्रा (30) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोपहर करीब 2 बजे कुणाल अपने दोपहिया वाहन से विनोबाभावे नगर से ईंट भट्टी चौक होते हुए कलमना की ओर जा रहा था।

# बंद घर से ताला तोड़कर हुई 3.99 लाख की चोरी

**नागपुर.** शांतीनगर थाना क्षेत्र में एक बंद मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये की नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना 15 फरवरी की दोपहर 3:30 बजे से 17 फरवरी की सुबह 8:30 बजे के बीच की बताई जा रही है। मकान मालिक विलास शंकरराव भेंडे (40), निवासी घर नं. 611, तेलीपुरा, हनुमान मंदिर के पास, शांतीनगर निवासी व्यवसायी हैं वे अपने परिवार के साथ प्रयागराज गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने किचन रूम का दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया और बेडरूम में रखी लोहे की अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे ₹ 1,31,000 नकद और सोने-चांदी के जेवर समेत कुल ₹ 3,99,000 का माल चुरा लिया। फ़रियादी की शिकायत पर शांतीनगर पुलिस थाने में पुलिस उपनिरीक्षक दिघावकर ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश जारी है।



# पूर्व विधायक हर्षवर्धन जाधव को पुलिस ने लिया हिरासत में

**नागपुर.**

शहर पुलिस ने पूर्व विधायक हर्षवर्धन जाधव को न्यायालय के निर्देशानुसार हिरासत में लिया है। कई वर्षों पुराने सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने के एक मामले में उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। बावजूद इसके, वे अदालत में हाजिर नहीं हो रहे थे, जिसके चलते न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए।

**न्यायालय में उपस्थित होते ही हिरासत में लिया गया**

हर्षवर्धन जाधव सोमवार को नागपुर की अदालत में पेश हुए, जहां पहले से सतर्क पुलिस ने उन्हें न्यायालय के निर्देश पर हिरासत में ले लिया। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत उन्हें नागपुर के सरकारी मेयो अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मेडिकल जांच कराई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, उनकी गिरफ्तारी लगभग तय मानी जा रही है, और पुलिस जल्द ही कानूनी औपचारिकताएँ पूरी कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज सकती है।

**कई वर्षों से अदालत में पेश नहीं हो रहे थे**

यह मामला कई वर्षों पुराना है, जिसमें सरकारी काम में बाधा



डालने का आरोप हर्षवर्धन जाधव पर लगाया गया था। इस मामले में उनके खिलाफ एक से अधिक बार वारंट जारी किया गया, लेकिन वे किसी भी सुनवाई में उपस्थित नहीं हो रहे थे। अदालत की अवहेलना के कारण न्यायालय ने गैर-जमानती वारंट जारी कर पुलिस को उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

**राजनीतिक हलकों में मचा हड़कंप**

हर्षवर्धन जाधव की हिरासत से राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस गिरफ्तारी के राजनीतिक निहितार्थ भी हो सकते हैं। हालांकि, पुलिस का कहना है कि यह पूरी तरह से न्यायालय के आदेशानुसार की गई कानूनी कार्रवाई है। अब यह देखना होगा कि क्या हर्षवर्धन जाधव को अदालत से कोई राहत मिलती है या उन्हें सीधे जेल भेजा जाता है। फिलहाल, नागपुर पुलिस कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### जल्द हो सकती है जेल भेजने की कार्रवाई

नागपुर पुलिस ने जाधव को हिरासत में लेने के बाद अब अगली कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि अगर सभी औपचारिकताएँ पूरी हो जाती हैं, तो उन्हें जल्द ही जेल भेजा जा सकता है। अदालत ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि आवश्यक हो, तो उन्हें तुरंत न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाए।

CMYK

# आरटीई प्रवेश के लिए 6,912 बच्चों का चयन

## दस्तावेज पड़ताल की अंतिम तिथि 28 फरवरी

**नागपुर.**

निजी स्कूलों में आरटीई के तहत 25 फीसदी आरक्षित सीटों पर प्रवेश के लिए लॉटरी निकालकर 6,912 बच्चों का चयन किया गया है। जिनकी लॉटरी लगी है, उनके दस्तावेजों की पड़ताल शुरू हो गई है। 28 फरवरी तक दस्तावेज पड़ताल की तिथि निर्धारित की गई है। दस्तावेजों की पड़ताल करने पर प्रवेश-पत्र दिए जाएंगे। संबंधित स्कूल में प्रवेश-पत्र देकर प्रवेश निश्चित किया जाएगा।




646 स्कूल प्रवेश प्रक्रिया में पंजीकृत |शैक्षणिक वर्ष 2025-2026 में आरटीई प्रवेश के लिए जिले के 646 स्कूल पंजीकृत हुए। इन स्कूलों में 7005 सीट प्रवेश के लिए आरक्षित की गईं। भरे गए आवेदन की लॉटरी निकालकर बच्चों का चयन किया गया। जिनका लॉटरी में नंबर लगा है, उनके दस्तावेजों की निर्धारित अवधि में पड़ताल कर प्रवेश निश्चित करने का आह्वान शिक्षा विभाग ने पालकों से किया है।

29,913 आवेदन भरे गए | आरटीई प्रवेश प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगवाए गए। 14 जनवरी से आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू हुई। 27 जनवरी अंतिम तिथि रखी गई थी। उसे 2 फरवरी तक बढ़ाया गया। अंत तक जिले से 29,913 आवेदन भरे गए।

### एसएमएस भेजने की प्रक्रिया शुरू

आरटीई की लॉटरी में जिनका नंबर लगा है, उनके पालकों के मोबाइल पर एसएमएस भेजने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तथापि, पालकों से एसएमएस पर निर्भर न रहते हुए आरटीई पोर्टल में आवेदन की स्थिति टैब पर आवेदन क्रमांक डालकर लॉटरी में नंबर लगा या नहीं, इसकी पुष्टि करन का आह्वान शिक्षा विभाग ने किया है। आवेदन के साथ जिन दस्तावेजों की जानकारी भरी गई, उन सभी दस्तावेजों की पड़ताल करनी होगी.

# एड.परीक्षित हरदास पब्लिक नोटरी नियुक्त किए गये

**कामठी.**



भारत सरकार विधि व न्याय मंत्रालय द्वारा एड. परीक्षित अशोकराव हरदास को पब्लिक नोटरी के पद पर नियुक्ति की गई. उन्हें भारत सरकार द्वारा नोटरी व्यवसाय प्रमाणपत्र दिया गया है। उन्हें कामठी के प्रसिद्ध दीवानी व फौजदारी न्यायालय में केंद्र सरकार द्वारा पूरे कामठी विभाग के लिए नोटरी के रूप में नियुक्त किया गया है।

पिछले 16 वर्षों में, उन्होंने कई दीवानी और फौजदारी मामलों को सफलतापूर्वक संभाला है। एड. परीक्षित अशोकराव हरदास को दस्तावेज़ को सही करने के लिए कामठी के लोगों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस उपलब्धि पर नागरिकों द्वारा एड. परीक्षित अशोकराव हरदास का अभिनंदन किया जा रहा है।

# बिकन ओपन ग्रूप का 19वां रक्तदान शिविर संपन्न

**नागपुर.**



बीकन स्काऊट गाइड ओपन ग्रुपके संस्थापक सदस्य स्व. विजय डोंगरे के स्मृति में बीकन स्काऊट गाइड ओपन ग्रुप और नागपुर डिस्ट्रिक्ट स्काउट गाइड फेलोशिप के संयुक्त विद्यमानमें रविवार को 19 वा रक्तदान शिबीर सुद्धत बौद्ध विहार में आयोजित किया गया. स्व. विजय डोंगरे ने निस्वार्थ भाव से स्काउटिंग को सेवा दी थी और 31 साल की उम्र में निधन हुआ था। शिबिर की शुरूवात स्काउट गाइड प्रार्थना से हुई , लार्ड बेडन पॉवेल, लेडी बेड़न पॉवेल और स्व. विजय डोंगरे की प्रतिमा को माल्यार्पण और द्वीप प्रज्वलन किया गया तथा दो मिनट का मौन देकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गईं। शिबिर का प्रास्ताविक सुनिल गणेर ने व्यक्त किया।

नागपुर डिस्ट्रिक्ट स्काउट गाइड फेलोशिप और बीकन स्काउट गाइड ओपन ग्रुप के अध्यक्ष अशोक बोंदाडे , सुद्धत बौद्ध विहार के भंते हर्ष आनंद, उत्तर नागपुर के पूर्व विधायक डॉ. मिलिंद माने, उपाध्यक्ष माया बोंदाडे , उपाध्यक्ष सुनिल गजभिए, सचिव सुनिल जांभूळकर, को - ऑर्डिनेटर किरण साखरे, कोषाध्यक्ष प्रकाश रंगारी, सलाहकार विमल टेंभुरने, महाराष्ट्र राज्य बालकल्याण समिति नागपुर के सदस्य विनायक नंदेश्वर, साकीतामा स्कूल की प्राचार्या रूपाली साखरे, लाईफ लाइन ब्लैंड बैंक के सदस्य डॉ. प्रीती बांबल, डॉ. सीमा साखरे, बीकन स्काऊट गाइड ओपन ग्रुप के संस्थापक सदस्य सुनिल गणेर, गाईड कैप्टन आम्रपाली गणेर, रंजीता गजभिए, जोत्सना कुर्वे, स्काऊट मास्टर मुजफ्फर पठान, राजकमल डोंगरे, राज्य पुरस्कार स्काऊट कन्हैया राजपूत, रोनित चौहान राज्य पुरस्कार गाईड तृषाली मेश्राम, सुनाक्षी सनोदिया, तनुश्री शेंडे आदि उपस्थित थे। शिबिर का सूत्र संचालन भीमकला धपके तथा आभार प्रदर्शन सुनिल जांभूळकर ने व्यक्त किया।

# आशा सुपरवाइजर को इलेक्ट्रिक बाइक का प्रस्ताव

**नागपुर.**

आशा वर्कर को साइकिल देने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अब आशा वर्कर सुपरवाइजर को इलेक्ट्रिक बाइक देने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। खनिज विकास निधि से बाइक खरीदी के लिए निधि की मांग का प्रस्ताव भेजा जाने वाला है।

जिला परिषद का स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण स्वास्थ्य की रीढ़ मानी जाती है। स्वास्थ्य विभाग की विविध योजनाएं सामान्य नागरिकों तक पहुंचाने में आशा वर्कर की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके काम में आशा सुपरवाइजर का अहम योगदान है। आशा सुपरवाइजर 10 आशा वर्कर की टीम का नेतृत्व करती है। उनके साथ संपर्क में रहकर नियमित रिपोर्ट संकलन करना और उसे मुख्यालय तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सुपरवाइजर के कंधों पर है। आशा वर्कर से शीघ्र संपर्क करने की दृष्टि से सुपरवाइजर को इलेक्ट्रिक बाइक देने का जिप स्वास्थ्य विभाग प्रस्ताव तैयार कर रहा है।

# पांजरी टोल नाका पर पुलिस ने मारा छापा

## >मवेशियों को बचाया

**नागपुर.**

गोवंश तस्करी का बड़ा खुलासा हुआ है। शनिवार को सुबह पांजरी टोल नाके पर बेलतरोड़ी पुलिस ने छापा मारकर ट्रक से 76 गोवंश बरामद किए। उनमें 6 गोवंश मृत पाए गए। गोवंश को ट्रक में ठूंस-ठूंस कर क्रूरता के साथ बांध रखा था। कार्रवाई के दौरान नागपुर होते हुए मध्य प्रदेश से तेलंगाना गोवंश तस्करी होने का खुलासा हुआ। तस्करों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर ट्रक सहित लाखों रुपए का माल जब्त किया गया है। आरोपी तस्करों में ट्रक चालक असलम खान हकीम खान (35), सिहोर, मध्य प्रदेश और ट्रक (एम.एच.-18-बी.ए.-9543) का मालिक है। सुबह करीब 9.30 बजे बेलतरोड़ी थाने के कर्मचारी अजय नेवारे को गुप्त सूचना मिली कि, उक्त नंबर के ट्रक में गोवंश ले जाया जा रहा है। नेवारे ने तत्काल इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी। प्रकरण को गंभीरता से लेकर आउटर रिंग रोड पर पांजरी टोल नाका परिसर में सादे लिबास में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया और 10 बजे बरामद नंबर के आधार पर ट्रक को पुलिस ने घेर लिया।

तलाशी के दौरान ट्रक में 76 गोवंश मिले। उन्हें ठूंस-ठूंस कर ट्रक में भरा गया था। सिंग, मुंह और पैरों को रस्सी से बांध रखा था। क्षमता से अधिक गोवंश ठूंसने से आधा दर्जन गोवंश की ट्रक में ही मृत्यु हो चुकी थी। कत्लखाना ले जा रहा था | पूछताछ के दौरान आरोपी के पास मवेशियों का परिवहन करने के कोई दस्तावेज नहीं मिले, जिससे मामला तस्करी से जुड़ा होने का खुलासा हुआ। सख्ती बरतने से आरोपी ने बताया कि, मध्य प्रदेश के कटनी से नागपुर होते हुए गोवंश तेलंगाना के कत्लखाना ले जाया जा रहा था। मुक्त किए गए गोवंश को बिड़गांव की गौशाला में भेज दिया गया है। ट्रक सहित 41.55 लाख का माल जब्त | गोवंश की अनुमानित कीमत 11.40 लाख रुपए बताई जा रही है। ट्रक सहित कुल 41.55 लाख का माल जब्त किया गया है। आला अधिकारियों के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मुकुंद कवाड़े, निरीक्षक रूपाली बावनकर, सहायक निरीक्षक राम कांडुरे, उपनिरीक्षक श्रीकांत गोर्डे, अजय नेवारे, सुहास शिंगणे, सुमेंद्र बोपचे, अंकुश चौधरी, विवेक श्रीपाद और योगेश प्रमोद ने की।

# संतरा, मौसंबी उत्पादकों को राहत

**नागपुर.**

काटोल व नरखेड़ तहसील में संतरा व मौसंबी उत्पादक किसानों पर संकट का उल्लेख करते हुए राकांपा नेता सलिल देशमुख ने राज्य सरकार पर सवाल उठाए हैं। कहा गया है कि क्षेत्र में संतरा, मौसंबी उत्पादकों को राहत की दरकार है। सरकार ने बढ़ी हुई मदद को मंजूरी दी थी। लेकिन किसानों के बैंक खाते में मदद राशि जमा नहीं हो पाई है। मंजूरी के बाद भी मदद कहां अटकी है। देशमुख ने कहा-बुर्शी रोग के कारण काटोल व नरखेड़ तहसील में संतरा व मौसंबी की फसल को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ। इस नुकसान की भरपाई के लिए काटोल व नरखेड़ तहसील में 9.58 करोड़ की बढ़ी हुई मदद की मांग की गई थी। उस मदद के लिए सरकार ने त्वरित मंजूरी दे दी लेकिन किसानों को मदद नहीं मिल पाई है। राहत की मांग को लेकर संतरा उत्पादकों के साथ नागपुर में बड़ा आंदोलन किया गया था। उसके बाद सर्वे करके सरकार को रिपोर्ट दी गई थी। विधानसभा चुनाव के पहले काटोल तहसील के लिए 19.43 करोड़ व नरखेड़ तहसील के लिए 28.88 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। लेकिन सर्वे में अनेक संतरा व मौसंबी उत्पादकों का समावेश नहीं हो पाया था।

# सीएलपी लीडर विजय वडेट्टीवार का हुकुमचंद आमधरे ने किया अभिनंदन

**कामठी.**



कृषि उत्पन्न बाज़ार समिति के मुंबई नियमन सभापति व कामठी संचालक हुकुमचंद आमधरे ने कहा कि अब पूर्व मंत्री विजय वडेट्टीवार नेता विपक्ष बने हैं और वे मजबूती के साथ सरकार से जवाब मांगेंगे।

उपरोक्त वक्तव्य व्यक्त करते हुए हुकुमचंद आमधरे द्वारा नवनियुक्त सीएलपी लीडर विजय वडेट्टीवार का पुष्पगुच्छ प्रदान कर अभिनंदन करते हुए कहा कि महंगाई, बेरोजगारी समेत राज्य के सामने कई ज्वलंत मुद्दे हैं, सरकार को इन सवालों का जवाब देना होगा और लोगों को न्याय दिलाना होगा। राज्य के किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और आम जनता के मुद्दों के साथ न्याय करना विपक्षी दल के नेता का कर्तव्य है।

उन्होंने कहा कि कहा है कि विजय वडेट्टीवार एक सक्षम विपक्षी नेता हैं और हमें पूरा विश्वास है कि वे अपनी भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाएंगे।

# श्रीकृष्ण को-ऑपरेटिव बैंक को विदर्भ से द्वितीय स्थान

## > उत्कृष्ट नागरी सहकारी बैंक पुरस्कार से सम्मानित

**उमरेड.** उमरेड शहर तथा परिसर के परिसर में कार्यरत श्री कृष्णा को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड उमरेड को विदर्भ अर्बन बैंक को ऑपरेटिव एसोसिएशन लिमिटेड नागपुर की ओर से सन 2023-24 इस आर्थिक वर्ष के लिए 101 से 1000 करोड़ रुपये तक जमा रखने वाले विदर्भ के बैंकों में से द्वितीय स्थान का उत्कृष्ट नागरी सहकारी बँक पुरस्कार से सम्मानित किया गया. शेगांव के विघ्नहर्ता होटल में आयोजित समारोह में राज्य के गृह ग्रामीण, गृह निर्माण, शालेय शिक्षण, सहकार तथा खनिकर्म राज्यमंत्री पंकज भोयर के हाथों बैंक अध्यक्ष सुभाष देवाडकर को विदर्भ से द्वितीय स्थान का उत्कृष्ट बैंक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर बैंक संचालक नरेंद्र गारघाटे, अशोकराव सीर्सिकर, राहुल मने, लोकेश झोड़े, डॉ. संजय बोढे, ब्रिजेश पटेल, डॉ. विशाखा मेश्राम, उषा मोहोड़ आदि की उपस्थिति थी. यह पुरस्कार बैंक के आर्थिक निकष के आधार पर दिया गया. इस समारोह में विदर्भ अर्बन को ऑपरेटिव बैंक नागपुर अध्यक्ष रवींद्र दुरुगकर, उपाध्यक्ष सतीश गुप्त, सचिव तुषार कांति डबले, नागपुर आरबीआय जनरल मैनेजर यू. श्रीनाथ आदि की प्रमुखता से उपस्थिति थी. इस अवसर पर श्री कृष्णा को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड उमरेड अध्यक्ष सुभाष देवाडकर ने संचालक मंडल, भागधारक, ग्राहक, हितचिंतक, कर्मचारी आदि के विश्वास से बैंक को द्वितीय स्थान का पुरस्कार मिलने की बात कही.

# सपा की सभा में महिला अत्याचार और नशा विरोधी आंदोलन करने का निर्णय

**कामठी.**



समाजवादी पार्टी (सपा) नागपुर महानगर महिला सभा की बैठक रविवार को पार्टी कार्यालय मे महाराष्ट्र प्रदेश समाजवादी पार्टी महिला सभा की अध्यक्षा व कामठी नगर परिषद पूर्व अध्यक्षा माया चवरे की अध्यक्षता मे तथा प्रदेश समाजवादी पार्टी के महासचिव डॉ. विलास सुरकर व नागपुर महानगर क्षेत्र के अध्यक्ष रमेश शर्मा की प्रमुख उपस्थिति मे संपन्् हुई। बैठक को संबोधित करते हुए माया चवरे ने महिलाओ पर हो अत्याचार व अपराधो को पुरूषो मे विशेषकर युवाओ बढ़ती हुई नशा प्रवृत्ती को जिम्मेदार ठहराते हुए इसके विरोध मे तीव्र आन्दोलन छेड़ने का आव्हान किया। उसी प्रकार महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रदेश की भोली-भाली जनता को गुमराह कर प्रीपेड स्मार्ट इलेक्ट्रीक लगाने के लिए दबाव बनाकर आम जनता को ठगने का प्रयास किया जा रहा है। इसके विरोध मे भी जनजागरण कर तीव्र प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। उसी प्रकार समाजवादी पार्टी महिला सभा को संगठात्मक दृष्टी से मजबूत कर आने वाले महानगर पालिका चुनाव मे मजबूती लड़ने का आव्हान किया। बैठक का संचालन विजयकुमार खोब्रागड़े तथा आभार प्रदर्शन सुधाकर धुर्वे ने व्यक्त किया। बैठक मे प्रमुख रूप से आशा निमगड़े, रूक्मिनी शेन्डे, गीता टाकसांडे, वर्षा ढवळे, क्षमाताई जैन,शीला रंगारी, संगीता गजभिये, शांता पराते, शीला गजभिये, सीता सनेश्वर, कल्पना बाराहाते, सुरैय्या खान, गोविन्द पखिड्डे, ताराचन्द मेश्राम आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संस्कृत नाटक अखिल महोत्सव तृतीय पुरस्कार से सन्मानित

**रामटेक.**



कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्रो ने राष्ट्रीय स्तर के अखिल भारतीय रूपक महोत्सव में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा अखिल भारतीय रूपक महोत्सव 11 से 14 फरवरी तक आयोजित किया गया। इस महोत्सव में कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने संस्कृत नाटक 'विकसतु एषा कालिका' यह संस्कृत नाटक प्रस्तुत किया। डॉ. लीना रस्तोगी द्वारा लिखित आधुनिक विषय पर आधारित इस नाटक का निर्देशन संस्कृत भाषा एवं साहित्य विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्रभारी अधिष्ठाता प्रोफेसर पराग जोशी और सहायक प्राध्यापिका श्रीवरदा मालगे ने किया है। मार्गदर्शक के रूप में प्रो. नीता शर्मा टीम के साथ मौजूद थीं। इस नाटक की नाट्य नवीनता पर न केवल उपस्थित दर्शकों ने सहजता से तालियां बजाईं, बल्कि आलोचकों ने भी नाटक की प्रशंसा की। अंतिम प्रतियोगिता में 19 संस्कृत नाटकों की कड़ी प्रतिस्पर्धा में "विकासतु एषा कालिका" नाटक विजयी हुआ तथा उत्कृष्ट कथानक, अभिनय, निर्देशन एवं मंचन सहित सभी स्तरों पर अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति के कारण राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। नाटक चमू को प्रमाण पत्र, स्मृतिचिन्ह और 20,000 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस गण के सभी को माननीय कुलगुरु प्रो. हरेराम त्रिपाठी, माननीय कुलसचिव डॉ. देवानंद शुक्ल, प्रभारी अधिष्ठाता प्रो. पराग जोशी एवं सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कुलगुरु प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने पुरी नाटक टीम के साथ विशेष बातचीत की। विश्वविद्यालय में इतने प्रतिभाशाली प्रोफेसर और छात्र हैं, और उनके प्रदर्शन को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। यह निश्चित रूप से हमारे लिए गर्व की बात है। छात्रो ने विविध शास्त्र और कलाओं में निपुणता हासिल करनी चाहिए और सभी स्तरों पर प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिये । विश्वविद्यालय आवश्यक सभी सहायता अवश्य करेगा इस नाटक में भाग लेने वाले कलाकार देविका हिंगणीकर, विरती गाला, वैखरी काले, नुपुर कुलकर्णी, नीलाक्षी सुनेर, वेदांत तिवारी, आदर्श तिवारी, योगेश तिवारी, अनुज मंचावर, हिमांशु शर्मा, प्रतीक लखदिवे, सुधेश भट, अविनाश असारे ने हिस्सा लिया.

# त्रिमूर्ति नगर में आयोजित किया गया पथ नृत्य कार्यक्रम



**नागपुर.**



महर्षी कर्वे स्त्री शिक्षण संस्था, पुणे द्वारा संचालित कमिन्स अभियांत्रिकी महिला महाविद्यालय, नागपुर ने शनिवार, 15 फरवरी को त्रिमूर्ती नगर उद्यान में पथ नृत्य का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के सुप्त कला गुणों को प्रोत्साहित करना था। हर साल आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष की शुरुआत कमिन्स कॉलेज की विद्यार्थियों द्वारा आयोजित फ्लैशमॉब से जोरदार हुई। कार्यक्रम में 75 विद्यार्थियों ने पथ नृत्य में भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में 500 से अधिक दर्शक उपस्थित थे। इस वर्ष के अन्य कार्यक्रम का आयोजन 18 से 25 फरवरी 2025 तक हिंगना परिसर में होने वाला है, जिसमें विभिन्न तांत्रिक, सांस्कृतिक और खेल स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। इस संबंध में उपस्थितों को जानकारी दी गई और विद्यार्थियों को इन कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रताप नगर पुलिस विभाग द्वारा पोलीस उपनिरीक्षक शकुंतला गोबाडे ने विद्यार्थिनियों को नवीन फैजदारी कानून के बारे में जानकारी दी और उनका सत्कार किया। पथ नृत्य का समन्वय प्रो. प्रवीण गोरंटीवार, प्रो. हर्षवर्धन खारपाटे, और प्रो. शैलेश साहू ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिलिंद खानापूरकर और स्थानीय व्यवस्थापन समिति के सदस्य श्रीकांत गाडगे और श्रीकांत चितळे भी उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को अभिनंदन दिया।

# उमरेड के दिव्यांगों को शीघ्र दें मदद

**उमरेड.**

उमरेड नगर परिषद से दिव्यांगों के लिए नगर परिषद की वार्षिक स्व उत्पन्न से राखीव 5 प्रतिशत निधि का तत्काल वितरण करने की मांग उमरेड तहसील प्रहार जनशक्ति पार्टी ने उमरेड नगर परिषद मुख्याधिकारी अर्चना मेंढे को शिष्टमंडल के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर की. शिष्टमंडल में उमरेड तहसील प्रहार अध्यक्ष प्रफुल रामटेके, आनंद तुलसकर, चिंधु जाधव, अमोल तेलरांधे, विजयश्री मोथनकर, नारायण सहारे, मनिषा झोड़े, रिधिमा मोहीनकर, संगिता कडुकर, नितेश कटाणे, गोपाल पौनीकर तथा प्रहार अपंग क्रांति उमरेड के सभी अपंग पुरुष और महिलाओं की उपस्थिति थी.

### अर्चना मेंढे को सौंपा ज्ञापन

उमरेड नप ने दिव्यांगों को तत्काल राखीव निधि का वितरण करने की मांग प्रहार जनशक्ति पार्टी ने उमरेड नगर परिषद मुख्याधिकारी अर्चना मेंढे को ज्ञापन सौंपकर की है.

# मनोरोगी भाई को जिला विधि सेवा प्राधिकरण ने ढूंढ निकाला

**नागपुर.** बुलढाणा के 63 वर्षीय अण्णा बेर्डे (बदला हुआ नाम), जो अपने लापता 48 वर्षीय मानसिक रूप से बीमार भाई की तलाश कर रहा था। अंततः उसको शनिवार, 15 फरवरी को सफलता मिली। पिछले साढ़े तीन माह से वह भाई की तलाश में सड़कों पर भटक रहा था। जब वह अपने भाई से मिला, तो उसकी आंखें छलक आईं। इस कठिन समय में जिला विधि सेवा प्राधिकरण, नागपुर की कानूनी सेवा टीम उनकी मदद के लिए मौजूद रही।

मामला कुछ इस तरह है। 29 अक्टूबर 2024 को जब अण्णा नागपुर के मोरभवन बस स्टेशन क्षेत्र में कार ढूंढ रहे थे, तब उनके साथ मौजूद मानसिक रूप से बीमार भाई ओमप्रकाश (बदला हुआ नाम) लापता हो गया। उन्होंने सीताबर्डी पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई और उसके बाद खुद ही नागपुर शहर की गलियों में भाई खोजबीन शुरू कर दी। मंदिरों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों सहित वर्धा, चंद्रपुर, अमरावती, सावनेर, वाकी आदि में लगातार खोज के बाद भी भाई नहीं मिलने पर उन्होंने अंततः नागपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को फोन किया। कानूनी सेवा दल तुरंत उनकी सहायता के लिए पहुंचा और उनकी कठिन यात्रा का सुखद अंत हुआ। खोज यवतमाल में खत्म हुई | शहर के फुटेज की जांच की गई। जिसमें भाई रहाटे कॉलोनी चौक, वर्धा रोड की ओर जाते दिखा। वर्धा और यवतमाल में ऐसे व्यक्तियों के लिए काम करने वाले संगठनों के सोशल मीडिया पर फुटेज डाले। पश्चात अण्णा ने नंदादीप फाउंडेशन, यवतमाल के एक वीडियो में एक व्यक्ति की पहचान अपने लापता भाई के रूप में की। विधिक सेवा टीम तत्काल नंदादीप फाउंडेशन, यवतमाल पहुंची, तो वहां अण्णा को अपना लापता भाई मिल गया और अण्णा की पिछले साढ़े तीन महीने से जारी खोज आखिरकार समाप्त हो गई। बौद्धिक रूप से अक्षम लोगों के लिए गठित है सेवा दल | नागपुर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी.पी. सुराना ने नागपुर शहर में मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए न्यायाधीश सचिन एस. पाटील, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नागपुर के नेतृत्व में गठित मानसिक विधिक सेवा दल, धर्मार्थ संगठनों, नागपुर पुलिस विभाग, सरकारी अस्पताल के सहयोग से शहर में अपने परिवार से बिछड़े हुए मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों की खोज करता है और सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करता है। यह उन्हें उपचार और सुरक्षा के लिए प्रादेशिक मनोरोग अस्पताल, नागपुर में भर्ती कराने के लिए एक अभियान भी चलाता है।

# किड्जी उमरेड के छात्रों को कराया क्षेत्रीय भ्रमण

**उमरेड.** देवराव इटनकर पब्लिक स्कूल व जूनियर कॉलेज (किड्जी उमरेड) के छात्रों ने उमरेड शहर में क्षेत्रीय भ्रमण किया. प्रारंभ में उमरेड शहर के पुलिस स्टेशन में भेंट दी. यहां पर सभी पुलिस कर्मियों ने छात्रों को अनुशासन से संबंधित जानकारी देते हुए पुलिस स्टेशन के हर एक विभाग से अवगत कराया और छात्रों को सही और गलत का फर्क समझाया. छात्रों ने माई मार्केट मॉल में भेंट देकर क्रय-विक्रय की पूरी प्रक्रिया को ध्यान से देखा तथा मॉल में विभिन्न वस्तुओं को खरीद कर व्यापार की कार्य पद्धति को समझा. छात्रों ने जीवन की मूलभूत गतिविधियों को ध्यान से सीखा तथा भविष्य में इसकी उपाययोजना करना निर्धारित किया.

इस क्षेत्रीय भ्रमण की स्कूल अध्यक्ष सुमन इटनकर, संचालक सूरज इटनकर, सचिव योगिता इटनकर, प्राचार्य डॉ. महेश नांदेकर आदि ने सराहना की. क्षेत्रीय भ्रमण सफलता के लिए किड्जी सेंटर हेड सानिया कामे सहित पूरे किड्जी की अध्यापिकाओं का सहयोग रहा.

# रंगोली, पोषक आहार स्पर्धा से आरोग्य संदेश

## > गांव की महिलाओं का उत्स्फूर्त प्रतिसाद



**वर्धा.**

महात्मा गांधी आयुर्वेदिक संस्थान सेवाग्राम पंधरा दिवसीय सामाजिक स्वास्थ सेवा शिबिर अंतर्गत दिनांक 15 फेब्रुवारी को प्राथमिक स्कुल के विस्तीर्ण प्रांगण में पोषक आहार स्पर्धा व रंगोली स्पर्धा संपन्न हुई. सामुदायिक वैद्यकीय विभाग के विभाग प्रमुख डॉ.सुबोध गुप्ता, शिबिर संयोजक डॉ. अनुज मुंदडा, डॉक्टर लास्या रेड्डी, डॉक्टर शुभम वावगे, डॉक्टर नवीन, डॉक्टर ओमकार कोल्हे, सामाजिक कार्यकर्ता संदीप सुटे, चंदाताई नागोसे, अतुल कातरकर, सुरेंद्र बेलूरकर, सिस्टर विद्या शेंडे, सिस्टर गीता वाळके, सिस्टर तेजस्वी शिरसागर, धामणगाव आठवडा गाव की सरपंचा रेश्मा प्रफुलराव कुचेवार, ग्रामपंचायत सदस्य माधुरी कुरसंगे, कल्पना निलेवार,तुळसा येलेकार, कल्पना चारबे नंदा वाटकर, रंजना नागोसे, व राष्ट्रसंत युवक युवती विचार मंच के सभी सभासद ने पोषक आहार रंगोळी स्पर्धा यशस्वी करने के लिए अथक प्रयास कियी. दि.21 फेब्रु.को विजयी स्पर्धक को बक्षीस वितरण किया जायेगा, ऐसा पदाधिकारी ने प्रसिद्धी पत्रकद्वारा बताया.

### स्वास्थ्य सेवा शिविर तहत दो स्पर्धा ली गयी

रंगोली स्पर्धा के लिए तीस सभासद, पोषक आहार स्पर्धा में 32 महिलाओने सहभाग लिया. ग्रामीण महिलाओं को आहार, तथा रंगोली स्पर्धा से आरोग्य समज के लिए सामाजिक स्वास्थ्य सेवा शिविर तहत दो स्पर्धा ली गयी. गांव के सभी महिला बचत गुट ने तथा किशोरी सभासदो ने पोषक आहार स्पर्धा व रंगोळी स्पर्धा में उत्फुर्त सहभाग लिया.

# वॉइस ऑफ मीडिया ने की 'महाराष्ट्र भूषण' पुरस्कार की घोषणा

**वर्धा.**



राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले और समाज सेवा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले पांच व्यक्तियों को राज्य सरकार और व्हॉईस ऑफ मीडिया की ओर से 'महाराष्ट्र भूषण' पुरस्कार की घोषणा की गई है, जिसमें वेंकटेश जोशी, वैभव वानखड़े, सीमा सिंह, डॉ. विजय दहिफले और शिवाजी बनकर का नाम शामिल है।

समाज सेवा, शिक्षा, कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों के चयन के लिए पुरस्कार चयन समिति ने पहल की थी। इस चयन समिति में हिवरे बाजार के सरपंच पोपटराव पवार, गोदावरी समूह की अध्यक्षा राजश्री पाटील, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकार प्रमोद कांबले और वरिष्ठ पत्रकार अशोक वानखड़े शामिल थे।

पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों का संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है: वेंकटेश जोशी किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण देते हैं। वे पिछले 20 वर्षों से मुंबई और नासिक क्षेत्र के सैकड़ों आदिवासी बस्तियों में मुफ्त दूध का वितरण कर रहे हैं। जोशी का समाज सेवा और कृषि क्षेत्र में बड़ा योगदान है। उन्होंने पूरे भारत में खेती के लिए कई प्रयोग किए हैं। वैभव वानखड़े सालों से मराठी स्कूलों की प्रगती के लिए काम कर रहे हैं। वैभव के माध्यम से राज्य में ढाई लाख से अधिक विद्यार्थियों तक मदद पहुंची है। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में मराठी स्कूलों का संरक्षण, ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शैक्षिक सहायता और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सीमा सिंह मुंबई की झुग्गी बस्तियों में महिलाओं, युवाओं और बच्चों के लिए पिछले 15 वर्षों से दिन-रात काम करने वाली प्रमुख व्यक्तित्व है। सीमा सिंह का सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता में बहुत बड़ा योगदान है। महिलाएं आत्मनिर्भर बनें, झुग्गी बस्तियों के बच्चों को शिक्षा मिले, स्वास्थ्य की समस्याएं दूर हों, इसके लिए उन्होंने भारत भर में कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। उन्होंने साढ़े चार हजार से अधिक बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाया है। डॉ. विजय दहिफले मानसिक और शारीरिक संतुलन खो चुके लाखों महिलाओं और पुरुषों के लिए आधारस्तंभ बने हैं। पिछले 25 वर्षों से वे विश्व भर में परामर्श और यौन शिक्षा के प्रचार के लिए कार्यरत हैं। ढाई लाख से अधिक बिखरे हुए परिवारों को फिर से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य उन्होंने किया है। 15 लाख से अधिक युवाओं को यौन समस्याओं से बाहर निकालने में मार्गदर्शन करते हुए उनका खोया हुआ आत्मविश्वास वापस दिलाया है।

शिवाजी बनकर एक पूर्व सैनिक हैं, जिन्होंने सेवानिवृत्ति के पश्चात मराठवाड़ा और विदर्भ के आत्महत्याग्रस्त किसानों के बच्चों को सहारा देने का महान कार्य शुरू किया। उन्होंने इन अनाथ बच्चों के लिए एक अकादमी शुरू की। बनकर ने अब तक तीन हजार से अधिक आत्महत्याग्रस्त किसानों के बच्चों का अभिभावकत्व स्वीकार किया है। ये पाँचों व्यक्ति महाराष्ट्र के लिए गर्व का विषय है। ' व्हॉईस ऑफ मीडिया' के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप काले, प्रदेश अध्यक्ष अनिल म्हस्के, महासचिव दिगंबर महाले, कार्याध्यक्ष योगेंद्र दोरकर, विजय चोरडिया, मंगेश खाटीक और उपाध्यक्ष अजितदादा कुंकुलोल ने सभी 'महाराष्ट्र भूषण' पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी है। जल्द ही मुंबई में एक भव्य समारोह में इन पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा।

# विद्या विकास हाईस्कूल में मातृ-पितृ पूजन दिन का आयोजन संपन्न

**हिंगनघाट.**



14 फ़रवरी को विद्या विकास विद्यालय हिंगनघाट यहां पाश्चात्य संस्कृती से आया व्हॅलेंटाईन डे के बजाय भारतीय संस्कृति में के अपने ईश्वर अपने माता पिता का पूजन करके मातृ-पितृ दिन मनाया गया। कार्यक्रम को बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि संस्कृती ज्ञान प्रतिष्ठान की विद्या पेंडके, भारती वाटेकर और मेघरे की उपस्थिति थी। इस अवसर पर, भारतीय संस्कृती टिकाने वाले कार्यक्रम के आयोजन की आज सही मायने में समाज को जरूरत होने की बात की। कार्यक्रम के अध्यक्ष सौ लता गोल्हर ने अपने अध्यक्षीय भाषण में विद्यार्थियों को अपने जीवन में मां बाप के स्थान का अनन्य साधारण महत्व होने की बात कही। कार्यक्रम प्रास्ताविक मुख्याध्यापक नितेश रोडे ने अपने प्रास्ताविक में पाश्चात्य संस्कृति से अपनी संस्कृती कैसे श्रेष्ठ है, ये विविध उदाहरण देकर समझाके बताया। और मातृ-पितृ दिन का महत्व विद्यार्थियो को बताया। कार्यक्रम सूत्रसंचालन सोनाली राऊत ने तो आभार वैद्य मॅडम ने माने।

## वाहनपार्किंग पर नागरिकों से लूट: शिकायत करें तो कहां?

### प्रशासन की लापरवाही जारी

**वर्धा.**

शहर में बसस्टैंड और रेलवे स्टेशन को छोड़ दें, तो कहीं भी अधिकृत वाहनतल नहीं है। ऐसे में वाहनचालक अपनी गाड़ियां सड़कों पर ही खड़ी कर देते हैं और घंटों तक गायब रहते हैं। इसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ता है। बसस्टैंड और रेलवे स्टेशन पर नियमों के तहत पार्किंग शुल्क लिया जाता है, इसलिए वहां शिकायतें कम हैं।

हालांकि, कुछ महीने पहले रेलवे स्टेशन वाहनतल संचालक के खिलाफ अधिक शुल्क वसूलने की शिकायतें आई थीं। लेकिन, लोगों को यह नहीं पता था कि शिकायत कहां करें। इससे विवाद की स्थिति बन गई थी।

# जय शिवाजी जय भारत पदयात्रा में बड़ी संख्या में भाग लें : पालक मंत्री

**वर्धा.**



छत्रपति शिवाजी महाराज की 395 वीं जन्म वर्षगांठ 19 फरवरी को जिला प्रशासन की ओर से आयोजित की जा रही है। घर (ग्रामीण), आवास, स्कूली शिक्षा, स्कूल शिक्षा, राज्य के सहकार व खनीकर्म राज्यमंत्री और पालकमंत्री डॉ.पंकज भोयर ने वर्धा शहर के लोगों से अपील की हैं कि वे सर्कस ग्राउंड रामनगर से सुबह 7.30 बजे निकलने वाली यात्रा में भाग लें। वह जिला कलेक्टर के कार्यालय में बैठक के समय बोल रहे थे। डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर वान्मथी सी., मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितिन रहमान, निवासी उप कलेक्टर शिवराज पडोले और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

उन्होंने अपील की कि सभी युवाओं और नागरिकों को 19 फरवरी को सुबह 7:30 बजे इस कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए. उद्घाटन समारोह सूबह 7:30.बजे शुरू होगा, इसके बाद एक मार्च और समापन समारोह कार्यक्रम होगा. इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक वीडियो सम्मेलन के माध्यम से देश को संबोधित करेंगे।

प्रशासन ने कार्यक्रम की तैयारी कि है और कहा है कि स्कूलों, कॉलेजों, खेल संगठनों, लखपती दीदी और अधिकारियों को इसमें भाग लेना चाहिए।

उन्होंने यह भी अपील की कि यह एक समारोह है जो छत्रपति शिवाजी महाराज के बहादुरी को नमन करता है. इसकी सफलता के लिए सभी प्रयास करें.

## पशु तस्करी के ट्रक को पकड़ा, 14 बैल बरामद, 2 गिरफ्तार

**यवतमाल.** जिले के रालेगांव तहसील में वड़की पुलिस को शनिवार रात गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रक नागपुर से तेलंगाना की ओर मवेशियों की तस्करी करने जा रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने वड़की के पास जाल बिछाया और ट्रक को रोककर जांच की।

जांच में पुलिस को ट्रक में 14 बैल ले जाए जा रहे थे। आरोपियों से पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि मवेशियों को क़त्ल के लिए हैदराबाद ले जाया जा रहा था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मवेशियों को सुरक्षित रूप से छुड़ाया और उन्हें गौरक्षा संगठन के हवाले कर दिया।

पुलिस ने तस्करी में शामिल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, और इस मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है।

## ग्रेट बैकवर्ड बर्ड काउंट हिंगनघाट में संपन्न

**हिंगनघाट.**

नीलकंठ मुरार घटवाई विद्यालय, वडनेर में आज ग्रेट बैकवर्ड बर्ड काउंट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन निसर्ग साथी फाउंडेशन और महाराष्ट्र पक्षीमित्र द्वारा किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों को भी पक्षी गणना में भाग लेने का अवसर मिला। इस बर्ड काउंट में विद्यार्थियों ने 20 प्रजातियों के पक्षियों की नोंद की। खास बात यह रही कि इस कार्यक्रम में सुगरण के घोंसले बनाने की प्रक्रिया और उसमें विज्ञान के उपयोग की जानकारी भी दी गई। विद्यार्थियों को यह बताया गया कि सुगरण पक्षी अपने घोंसले में किस तरह से दक्षता का इस्तेमाल करता है और इसके निर्माण में कौन-कौन से वैज्ञानिक पहलू होते हैं। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने झाड़ियों और जलाशयों पर पक्षियों का निरीक्षण किया, और विविध पक्षियों के आवाज़ों की पहचान करने की भी कोशिश की। इस दौरान गणेश बोरकर नामक एक विद्यार्थी ने पक्षियों के आवाज निकालने की कोशिश की, और उसे विभिन्न पक्षियों के आवाज़ों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। रवींद्र गोडे सर, मुख्याध्यापक, ने इस विचार को सराहा और पक्षियों की आवाजों के रेकॉर्डिंग के लिए महाराष्ट्र पक्षीमित्र और निसर्गसाथी को मदद करने का प्रस्ताव दिया। निसर्गसाथी के प्रवीण कडू, प्रशांत हिवंज, और यशवंत शिवणकर के आभार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस बर्ड काउंट में नोंद किए गए पक्षियों की सूची और उनकी संख्या नीचे दी गई है।

# स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**समुद्रपुर.**



तहसील के गिरड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे के परिसर में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। आग से केंद्र के पीछे के परिसर को भारी नुकसान पहुंचा। घटना का समय रहते पता चल जाने से बड़ी दुर्घटना टल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 फरवरी को दोपहर करीब डेढ़ बजे गिरड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे परिसर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई।

आग लगने की सूचना मिलते ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. मजूमदार, डॉ. मिलिंद गुजर, गिरड सरपंच राजू नौकर और मोहगांव सरपंच विलास नवघरे मौके पर पहुंचे।

# पूर्व विधायक मनोहर चंद्रिकापुरे बेटे के साथ शिवसेना शिंदे गुट में शामिल

**गोंदिया.**




एनसीपी के पूर्व विधायक मनोहर चंद्रिकापुरे अपने बेटे के साथ अब शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हो गए है। मनोहर चंद्रिकापुरे गोंदिया जिले के अर्जुनी मोरगांव सीट से विधायक थे।

एनसीपी के पूर्व विधायक मनोहर चंद्रिकापुरे और उनके बेटे डॉ. सुगत चंद्रिकापुरे ने मुंबई में एक कार्यक्रम में डीसीएम एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हो गए। मनोहर चंद्रिकापुरे गोंदिया जिले के अर्जुनी मोरगाव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रहे हैं। 2024 विधानसभा चुनाव में उन्हें टिकट नहीं मिलने के बाद उनके पुत्र सुगत चंद्रिकापुरे ने प्रहार पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा, लेकिन वो हार गए। इसके बाद उन्होंने प्रफुल पटेल पर भी आरोप लगाए थे। अब उनके शिवसेना में शामिल होने से गोंदिया जिले में एक नई राजनीतिक चर्चा होने लगी है।

# रोटरी उत्सव 2025 रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न

**हिंगनघाट.**



रोटरी क्लब हिंगनघाट द्वारा आयोजित एमटीडी ढोमने ज्वेलर्स द्वारा प्रायोजित रोटरी उत्सव 2025 का समापन पांच दिवसीय रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ। रोटरी उत्सव का शुभारंभ 7 फरवरी को रोटरी प्रांत 3030 के प्रांतपाल राजेंद्र खुराना, सह-प्रांतपाल महेश पोद्दार, विधायक समीर कुणावार, पी.आई. मनोज गभने और अमोल ढोमने के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष डॉ . अशोक मुखी, रोटरी उत्सव अध्यक्ष पितांबर चंदानी, उत्सव सचिव मितेश जोशी एवं मंजुषा मुळे, क्लब अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, क्लब उपाध्यक्ष शाकिरखान पठान, सचिव उदय शेंडे एवं सुभाष कटारिया उपस्थित रहे।

उत्सव के प्रथम दिन हिंगणघाट एवं आसपास के ग्रामीण स्कूलों के विद्यार्थियों ने नृत्य-नाटिकाओं की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क प्रवेश टिकट वितरित की गईं, जिससे उन्होंने उत्सव का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रा. माया मिहानी एवं मंजूषा मुळे ने किया, जबकि उद्घाटन समारोह का संचालन अशोक डालिया ने किया।

दूसरे दिन भी शालेय विद्यार्थियों द्वारा नृत्य-नाटिकाओं की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर पूर्व प्रांतपाल राजे संग्रामसिंह भोंसले, प्रांतपाल नामांकित किशोर राठी, पीपी विजय आइंचलवार (चंद्रपुर), आंचल थूल एवं अमर भांडरवार जैसे गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे एवं उत्सव की भव्यता की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन प्रा. केदार सर, हिमानी त्रिपाठी एवं सारिका दाभाड़े ने किया।

तीसरे दिन आयोजित विदर्भ मर्चेंट बैंक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में दिनेश देहाती , नीलम सोमानी, शांतिलाल कोचर गोल्डी, मुकेश मनमौजी कवियों ने अपनी ओजस्वी, हास्यपूर्ण और भावनात्मक रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कविता की हर पंक्ति पर तालियों की गूंज और वाह-वाह की स्वर लहरियां गूंज उठीं। इस अवसर पर पूर्व प्रांतपाल किशोरजी केडिया, आनंद झुनझुनवाला, प्रांत सचिव जुगल चिरानिया, असिस्टेंट कमिशनर नागपुर शिल्पाजी सोनाले सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिन्होंने इस साहित्यिक संध्या की प्रशंसा की और इसे उत्सव का एक यादगार पहलू बताया। संपूर्ण कार्यक्रम का कुशल संचालन रोटरी के पूर्व अध्यक्ष एवं कवि मुरली लाहोटी ने अपनी प्रभावशाली शैली में किया, जिससे इस काव्य संध्या का आकर्षण और भी बढ़ गया।

9 फरवरी की सुबह शालेय विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न स्कूलों के 860 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो समूहों में आयोजित की गई पहला समूह कक्षा 1 से 6 तक एवं दूसरा समूह कक्षा 7 से 10 तक। दोनों समूहों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही, सभी प्रतिभागियों को एक दिन की नि:शुल्क प्रवेश टिकट दी गई।

इसी दिन कराओके गीत गायन स्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसके प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण फटिंग , पराग कोचर व हितेंद्र जोबनपुत्रा थे। इस कार्यक्रम में गायकों ने अपनी सुरीली आवाज से पूरे परिसर को संगीतमय बना दिया। इस अवसर पर पूर्व प्रांतपाल डॉ. के.एस. राजन, एसडीओ रोशन पंडित सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे एवं रोटरी उत्सव की सराहना की।

समापन समारोह में पूर्व प्रांतपाल शब्बीर शाकिर, गिमाटेक्स के चेयरमैन बसंतबाबू मोहता, गोविंदजी राठी, डॉ. अशोक मुखी प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उत्सव अध्यक्ष पितांबर चंदानी, सचिव मितेश जोशी, मंजूषा मुले, क्लब अध्यक्ष सीए जितेंद्र वर्मा, सचिव उदय शेंडे एवं सुभाष कटारिया भी मौजूद रहे।

समापन समारोह में उत्सव अध्यक्ष पितांबर चंदानी ने पांच दिवसीय उत्सव के आयोजन एवं आई चुनौतियों पर प्रकाश डाला। डॉ. अशोक मुखी ने रोटरी उत्सव की इतिहास और परंपरा की विस्तृत जानकारी दी एवं आश्वस्त किया कि यह उत्सव हर वर्ष आयोजित किया जाएगा। प्रांतपाल शब्बीर शाकिर ने हिंगणघाट रोटरी उत्सव की भव्यता की सराहना की।

इस अवसर पर श्री गोविंदजी राठी को गौरव-पत्र, शाल , श्रीफल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने उत्सव की भव्यता की प्रशंसा करते हुए रोटरी क्लब को शुभकामनाएं दीं। समापन समारोह का संचालन मुरली लाहोटी ने किया तथा उन्होंने पॉलीथीन बैग्स के पर्यावरण पर होने वाले हानिकारक प्रभाव और उन गायों पर इसके दुष्प्रभाव के बारे में एक प्रस्तुति दी, जो सड़कों पर फेंके गए भोजन के साथ पॉलीथिन का सेवन करती हैं। उन्होंने मैदान में उपस्थित 5000 से अधिक लोगों को शपथ दिलाई कि वे खरीदारी के दौरान पॉलीथीन बैग्स का उपयोग नहीं करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन मंजूषा मुळे द्वारा प्रस्तुत किया गया।

उत्सव में लाजवाब खाद्य पदार्थों के स्टॉल्स के लिय रो. मुकुंद मुंधड़ाजी की सभी लोगों ने सहराया। शाकिर खान पठान के नेतृत्व मे सुरक्षा व पार्किंग की उम्दा व्यवस्था थी। इस पांच दिवसीय उत्सव को सफल बनाने में रोटरी क्लब के सुरेश चौधरी, अशोक चंदनखेडे, संजय शेंडे, दिगांबर खांडरे, शशांक खांडरे, संदीप मुंडे, नरेंद्र पोहनकर, सतीश डांगरे, निशा शर्मा, प्रतिभा वांढरे, प्रभाकर साठवने, अशोक मिहानी, प्रणय डागा, विवेक तडस, कृष्णा जोशी, वैभव पटेलिया, वरघणे, सचिन बरडे, पुंडलिक बकाने, उदय बोकरे, सुनील अलोनी, दीपक पाखरानी, पंकज देशपांडे, राजू गुलकरी, निषाद बोरकुटे, स्वप्निल सांबरे सहित रोट्रैक्ट क्लब के सभी सदस्यों ने अथक परिश्रम किया।



## पूजा धोपटे की एमपीएससी परीक्षा में शानदार सफलता, शिवसेना ने किया सम्मानित

**हिंगनघाट.**

महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग (एमपीएससी) की परीक्षा में सफलता हासिल कर महाराष्ट्र सरकार में अपना स्थान पक्का करने वाली कु. पूजा विद्या प्रकाश धोपटे का शिवसेना (उद्धव बाळासाहब ठाकरे) पार्टी की ओर से सम्मान किया गया। यह सम्मान तालुका प्रमुख सतीश धोबे की प्रमुख उपस्थिति में लेबर कॉलनी, हिंगणघाट में संपन्न हुआ।

पूजा धोपटे को सरकार की ओर से राजस्व विभाग (महसूल विभाग) में नियुक्त किया गया है। उन्होंने अपनी प्राथमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा हिंगणघाट के भारत विद्यालय में पूरी की, जबकि इंजीनियरिंग की पढ़ाई वर्धा स्थित देशमुख अभियांत्रिकी महाविद्यालय से संपन्न की। इसके बाद उन्होंने पुणे में रहकर एमपीएससी परीक्षा की तैयारी की और कठिन मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास के साथ सफलता प्राप्त की। पूजा के परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य होने के बावजूद उन्होंने कड़ी मेहनत और समर्पण से यह सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि पर हिंगणघाट शहर में खुशी की लहर दौड़ गई और शिवसेना की ओर से विशेष रूप से सत्कार समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शिवसेना के पूर्व नगरसेवक मनीष देवडे, मनोज वरघणे, भास्कर ठवरे, गजानन काटवले, एसटी कामगार सेना के भास्कर मानकर, उप-सर्कल प्रमुख प्रशांत सुपारे, प्रशांत कांबले, अविनाश धोटे, पप्पू घवघवे, राजू मंडलवार, आशिष वाघ सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सत्कार समारोह में पूजा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और मार्गदर्शकों को दिया। इस अवसर पर शिवसेना की ओर से पूजा के माता-पिता का भी सम्मान किया गया और उनके त्याग व सहयोग की सराहना की गई। पूजा धोपटे की इस उपलब्धि से शहर में गौरव और उत्साह का माहौल है।

# कारा फाउंडेशन के आयोजन 'मैं काफी हूं' का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सफल

## ऑर्गेनाइजर जोया सिराज शेख ने किया आयोजित कार्यक्रम की सभी ने की सराहना

## नागपुर में विधवा महिलाओं की संघर्षपूर्ण कहानियों को सराहा गया











**नागपुर.**

बीते 15 फरवरी 2025 को, नागपुर के प्रसिद्ध डॉ. बाबासाहब आंबेडकर कन्वेंशन सेंटर में कारा फाउंडेशन द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से विधवा महिलाओं को उनके संघर्षों और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज की उन महिलाओं की कहानियों को उजागर करना था, जिन्होंने जीवन के कठिनतम दौर से गुजरते हुए भी अपनी ताकत और साहस से न केवल अपने परिवारों की जिम्मेदारी निभाई, बल्कि समाज में एक सशक्त उदाहरण पेश किया गया.

इस आयोजन में 14 प्रेरणादायक महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें प्रमुख नाम थे: कविता मासुरकर, सरोज चांदने, डॉ. मंजरी जावड़ेकर, मंगला प्रकाश, रत्नमाला तांडेकर, सविता साहू, भगवती अमेसर, नंदा खेडकर, सुशीला ईजालदार, नीलिमा पानतावने, कांता मते, वंदना गजरिया, शांताबाई गजभिए, और माधुरी लोखंडे. इन महिलाओं को उनके संघर्षों और समर्पण के लिए पुरस्कार प्रदान किये गए, कार्यक्रम के दौरान, इन महिलाओं की कहानियों का मंचन किया गया, जिससे दर्शकों को गहरी प्रेरणा मिली। कारा फाउंडेशन की संस्थापक, जोया सिराज शेख ने कार्यक्रम की सफलता के बारे में बात करते हुए कहा, "हमारा उद्देश्य समाज के उस हिस्से को सम्मानित करना है, जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। इन महिलाओं ने न केवल अपने परिवारों को संभाला है, बल्कि अपनी कड़ी मेहनत और संघर्ष के जरिए समाज में बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।"

इस कार्यक्रम में रेडियो सिटी 91.1 को रेडियो पार्टनर के रूप में और ओर्रा डायमंड ज्वेलरी को गिफ्टिंग पार्टनर के रूप में शामिल किया गया, जिन्होंने इस भव्य आयोजन को और भी खास बनाया। इस मौके पर मिस एंड मिसेज महाराष्ट्र, साथ ही मिसेज इंडिया सुप्रानेशनल के विनर को इस मौके पर आमंत्रित किया गया.


आयोजन में कारा फाउंडेशन ने न केवल विधवा महिलाओं के योगदान को सम्मानित किया, बल्कि समाज में उनके प्रति समझ और सम्मान बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी उठाया। साथ ही युवा पीढ़ी के नागपुरी इंफ्लुएंसर को भी प्रोत्साहित किया गया इस कार्यक्रम को देखकर यह साफ हुआ कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## शो ऑर्गेनाइजर
## जोया सिराज शेख



(कारा जोया प्राइवेट लिमिटेड डायरेक्टर) बीटीपी ग्रुप के फाउंडर सिराज शेख, पूर्व नागपुर के विधायक डॉ. नितिन राऊत, सुमेधा राऊत, अमेरिकन रॉकस्टार पिंकी पारस, सूफी सिंगर इरशाद साबरी, बीएसपी नागपुर के प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश लांजेवार, एडवोकेट रोशन बागड़े, (प्रेसिडेंट डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन नागपुर) पर्यावरणविद मनीष चांदेकर, एस्ट्रोलॉजर अभिषेक सोनी, बिजनेसमैन मझहर शेख, रियाज शेख, दाऊद भाई शेख, मनोज गावंडे, रोसेटा होटल के संचालक जय गुप्ता, मोहसिन जफर खान, माधुरी पालीवाल, सुषमा अग्रवाल, प्रज्ञा मोदी, वसीम खान, सोशल वर्कर नागपुर महिला कांग्रेस कि नैश नुसरत अली, जरिपटका एवं कपिल नगर की महिला पीएसआई, राष्ट्रसंत तुकड़ोजी कैंसर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर बी. के शर्मा, ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट आंचल वर्मा, कलगीधर गुरुद्वारा के अध्यक्ष गुरमीत सिंह खोखर, वाटर वूमेन सुजाता दुबे, रुबीना खान, मुसकान खान, सूरज सोमकुंवर उर्फ मलंग बाबा साथ ही शहर की जानी-मानी हस्तियां प्रमुख रूप से उपस्थित थीं. कुल मिलाकर कहा जाए तो इस सामाजिक कार्यक्रम की हर किसी ने सराहना की.

# शिव जयंती पर छात्रों के लिए प्रेरणादायक लॉग बुक्स की पेशकश




**नागपुर.**

भारत के प्रमुख स्टेशनरी ब्रांड, यूवा, जो नवनीत एज्युकेशन हाऊस का हिस्सा है, अपनी छत्रपति शिवाजी महाराज सीरीज लॉग बुक्स लॉन्च की हैं. यह एक विशेष संस्करण है जो महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज को समर्पित है. शिवजयंती के मौके पर जारी की गई ये बुक्स मराठा नेता की शौर्यकथाओं और समृद्ध इतिहास से छात्रों को प्रेरित करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं. इन लॉग बुक्स को छत्रपति शिवाजी महाराज की कलात्मक और ऐतिहासिक चित्रण को प्रदर्शित करने के लिए सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया है. उनके साहस, बुद्धिमत्ता और दूरदृष्टि वाले नेतृत्व को दर्शाती हुई इन लॉग बुक्स की कवर पर उनके जीवन के महत्त्वपूर्ण क्षणों को जीवंत किया गया है. बारीकी से तैयार की गई डिज़ाइनों और रंगीन चित्रों के माध्यम से इन लॉग बुक्स का उद्देश्य शिक्षा और प्रेरणा देना है, जिससे ये बुक्स सिर्फ स्टेशनरी नहीं, बल्कि इतिहास को समर्पित एक आदरांजलि बन जाती हैं. स्कूल और कॉलेज के छात्र, शिक्षक, इतिहास प्रेमी और अन्य सभी के लिए ये लॉग बुक्स कार्यक्षमता और प्रेरणा का बेहतरीन मिश्रण हैं. इन बुक्स का उपयोग शैक्षिक नोट्स लिखने के साथ-साथ व्यक्तिगत विचारों को व्यक्त करने के लिए भी किया जा सकता है. इन बुक्स द्वारा महाराज कि दृढ़ इच्छाशक्ति से प्रेरणा प्राप्त होगी, जिससे महाराज की विरासत प्रतिदिन युवाओं में जीवित रहेगी, यूवा के यूवा स्टेशनरी के चीफ़ स्ट्रैटजी ऑफिसर अभिजीत सान्याल कहते हैं, "छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे देश के महान नेताओं में से एक थे, और उनकी विरासत पीढ़ी दर पीढ़ी प्रेरणा प्रदान कर रहा है, इसके माध्यम से यूवा का यह संकल्प दिखता है कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक व ऐतिहासिक धरोहर का संगम हो और हम यह सुनिश्चित करते हैं, कि भारत के समृद्ध अतीत से युवा पीढ़ी का जुड़ाव बना रहे.

# स्ट्रीट लाइट, सीवरेज लाइन, खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत करने की मांग



**नागपूर.**

रमज़ान पवित्र त्यौहार मार्च महीने से शुरू हो रहा है जिसको देखते हुए माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी के शहर कार्यकारी अध्यक्ष जुल्फिकार अहमद शानू के नेतृत्व में नागपूर महानगर पालिका आयुक्त को ज्ञापन सौंपा जिस में कहा गया नागपुर शहर सीमा अंतर्गत आने वाली सभी मस्जिदों और ईदगाह के पास साफ साफी सीवेज लाइन स्ट्रीट लाइट और खस्ताहाल सड़क की मरम्मत कर डामरीकरण करने की मांग की ताकी किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या या दिक्कत रमज़ान के पवित्र महीने रोजेदार और राहगीरों और आमजन कोई तकलीफ ना हो ज्ञापन में कहा गया। इस अवसर पर सैय्यद अमजद अली, इरफान रज़ा खान, फैय्याज शेख ,इरफान खान, नसरुद्दीन कादरी,यूसुफ शेख,नूर भाई, एहतेशाम शेख, आहेफज पटेल आदि उपस्थित थे.

# किसानों का सातबारा कोरा करें!



**वर्धा.**

कभी अकाल, बाढ़, अतिवृष्टी, नैसर्गिक आपदा, फसल के गिरे हुए भाव, खाद, औषधि और मजदूरी में हुई बढ़ोत्तरी, तथा उनके फसल को गारन्टी मूल्ये भी शासन दे नही रहा है. महाराष्ट्र के किसान कर्ज के खाई में डूबा हुआ है. महाराष्ट्र के 1 करोड़ 31 लाख किसानों से 15 लाख 46 हजार किसानों के सर पर बैंक का कर्जा है. किसानों के पास, विभिन्न बैंक का 30 हजार 495 करोड का कर्ज बाकी है. तो आत्महत्याग्रस्त वर्धा जिले में 69 हजार 686 किसानों के पास 862 करोड रूपय की कर्ज बाकि.है. राज्यस्तरीय बैंकर्स कमिटी की रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आयी है. महाराष्ट्र में आज भी हर रोज 6 किसान कर्ज के वसूली के डर से आत्महत्या कर रहे है, यह संख्या हर वर्ष दो हजार के आगे जा रही है. तो महाविकास आघाडी ने उनके वचननामें में किसानों का 3 लाख तक का कर्जा माफ करेंगे, ऐसा आश्वासन दिया था. अभी महायुती बहुमत से सत्ता में है.

मुख्यमंत्री का सौ दिन का कृती कार्यक्रम भी जाहीर हुआ. राज्य का पहिला बजट अधिवेशन भी आनेवाला है. पर किसानों के कर्जमाफी के बारें में कही भी बोला नही जा रहा है. इसके विपरित किसानों से कर्ज वसूलने के लिए बँक और अन्य घटक सामने आ रहे है. सक्ती की वसूली, जप्ती वारंट शुरु हुई है. इस वजह से किसान चिंताग्रस्त हो गया है, महाराष्ट्र के अर्थसंकल्प में लाडली बहणों के लिए 48 हजार करोड केवल एक वर्ष की तरतुद की जा रही है, तथा किसानों के लिए कर्जमाफी के लिए केवल 30 हजार कोटी रूपए की तरतुद करके कर्जमाफी जाहीर करें, और तब तक किसानों के लिए सक्ती के कर्जवसुली को तत्काल रोक दे, ऐसी मांग महात्मा फुले समता परीषद के राज्य उपाध्यक्ष, राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पक्ष के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रा. दिवाकर गमे व महात्मा फुले समता परीषद व किसानों ने महायुती सरकार से ग्यापन से की है. किसानों का पिकविमा या खेतमाल को हमीभाव देना, इसमें वो हमेशा से ही उदासिन है. एक तो उत्पाद खर्च अनुसार किसानों को हमीभाव जाहीर नही किये जाते है. और जो कम हमीभाव जाहीर होता है. शासन राज्य के 48 हजार करोड के लाडली बहिण के योजना के लिए आग्रही है.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 259-6 | 489-1 |
| श्रीदेवी नाईट | 249-5 | 258-5 |
| प्रभात | 159-5 | 156-2 |
| प्रभात नाईट | 690-5 | - |
| डायमंड | 678-1 | 179-7 |
| मेन बाजार | 156-2 | - |
| मिलन डे | 135-9 | 258-5 |
| मेन रतन | 179-7 | 250-7 |
| कल्याण | 255-2 | 137-1 |
| राजधानी डे | 240-6 | 359-7 |
| राजधानी नाईट | 160-7 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 180-9 | 237-2 |

# संदीप मोहोड का आत्मीय अभिनंदन किया प्रज्ञा पीठ पंधराखेड़ी ने



**सौसर.**

गायत्री प्रज्ञापीठ पंधराखेड़ी के गायत्री परिवार के परिजनों ने जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड का आत्मीय अभिनन्दन किया. संदीप भाऊ ने प्रज्ञापीठ पंधराखेड़ी को विगत दिनों अपने 30 माह का मानधन दानस्वरूप प्रज्ञापीठ को प्रदाय किया था. उनके द्वारा गायत्री परिवार का समाज निर्माण में अभूतपूर्व योगदान और सनातन धर्म की ज्ञान की अविरल धारा विश्व पटल पर रखा जाना हमारे लिए गौरव का पल है. गायत्री परिवार ने पांढुरना जिला के किसी भी प्रकार के योगदान में हमेशा साथ रहने की बात की इस अवसर पर प्रज्ञापीठ पंधराखेड़ी के कार्यवाहक अनिल गोरे पूर्व प्रबंध कार्यवाहक नारायण पाठे, अनिल पराड़कर चित्रसेन रबड़े, महेश पटेल, लीलाराम गोरे, रामा गोहटे, रेखा पराड़कर दिलीप गोरे, दिलीप पराड़कर, लीलाराम पाठे, कांता गोरे, रत्नमाला पराड़कर, सुलोचना गोरे, मीरा पराड़कर ,माया हिंगवे, पिंकी देशमुख, राधिका पराड़कर, अलका गोरे आदि उपस्थित रहे. और संदीप मोहोड के उज्वल भविष्य की कामना की. प्रज्ञापीठ फाउंडर मेंबर किशोर किनकर ने बताया कि सलाह ले और सम्मान दे का सूत्र गायत्री परिवार सभी गणमान्य से तालमेल बिठाकर भामाशाह प्रवृत्ति वाले समाजसेवियों और रचनात्मक गतिविधियों में योगदान देने वाले व्यक्तियों को गायत्री परिवार की मुख्य धारा से जोड़ना हमारा लक्ष्य है।

# अंतरयोग फाउंडेशन का ऐतिहासिक महाशिवरात्रि कार्यक्रम



**मुंबई.**

अंतर योग फाउंडेशन ने 26 फरवरी को सुबह 7 बजे से 27 फरवरी को सुबह 7 बजे तक बॉम्बे एक्सबिशन सेंटर, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई में शताब्दी का ऐतिहासिक और सबसे बड़ा महाशिवरात्रि कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की, देशभर से लगभग तीन लाख भक्त इस भव्य कार्यक्रम में भाग लेंगे, ताकि वे त्वरित उपचार और आध्यात्मिक जागरण का अनुभव कर सकें, अंतर योग फाउंडेशन, आचार्य उपेन्द्र के पूज्य मार्गदर्शन में, 26-27 फरवरी 2025 को मुंबई में एक ऐतिहासिक महाशिवरात्रि कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है. यह 24 घंटे का आध्यात्मिक उत्सव 3 लाख से अधिक भक्तों को एक अद्वितीय यात्रा पर एकजुट करेगा, जो स्वास्थ्य, प्रगति, समृद्धि, ज्ञान, महिलाओं के सशक्तिकरण, विभिन्न क्षेत्रों जैसे वित्त, खेल, राजनीति में नैतिक नेताओं का निर्माण, और लौह मानसिकता वाले नागरिकों का विकास करेगा। अंतर योग फाउंडेशन लगभग 5,000 पूर्व-पंजीकृत भक्तों के लिए विस्तृत रक्त परीक्षण (वैकल्पिक) करेगा, ताकि इसके शक्तिशाली उपचार प्रथाओं के परिवर्तनकारी प्रभावों को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित किया जा सके। इस उत्सव का एक अनूठा पहलू है करोड़ों पूर्वजों (पितरों) की मुक्ति के लिए दुर्लभ पितृ ऋण मुक्ति साधना, जो प्रत्येक व्यक्ति की प्रगति में रुकावट डालने वाली बाधाओं को तुरंत दूर कर देता है। कार्यक्रम का एक और मुख्य आकर्षण होगा 25,000 से अधिक भक्तों द्वारा शिव मंत्रों और स्तोत्रों का सामूहिक जाप, जो दिव्य ऊर्जा और आशीर्वाद की लहर पैदा करेगा। ये पवित्र सामूहिक जाप नकारात्मकता को दूर करने, वातावरण को दिव्य सकारात्मकता से भरने, समग्र शारीरिक कल्याण को बढ़ावा देने, शक्तिशाली कंपन उत्पन्न करने, मन को शांति देने और एकाग्रता को सुधारने के लिए सिद्ध हैं। इसके साथ ही 5 करोड़ गणेश मंत्रों का सामूहिक जाप भी किया जाएगा, जो भारत के भविष्य के लिए दूरदर्शी नेतृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक पहल है। कार्यक्रम में 24 घंटे का यज्ञ भी होगा, जिसे तपस्वी ब्राह्मणों द्वारा मानवता की सामूहिक भलाई और समृद्धि के लिए दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए किया जाएगा. आचार्य उपेन्द्र जी, जो विश्वभर में अनुयायी रखते हैं, ने कहा, "महाशिवरात्रि सिर्फ एक आध्यात्मिक घटना नहीं है बल्कि हमारे देश के श्रेष्ठ व्यक्तियों को बचाने, सशक्त बनाने और ऊंचा उठाने का एक आंदोलन है. यह उत्सव भारत के भाग्य को फिर से लिखने का अवसर है, ताकि सभी के लिए स्वास्थ्य, समृद्धि और आध्यात्मिक विकास सुनिश्चित किया जा सके." इस भव्य कार्यक्रम में आयुर्वेदिक विशेषज्ञों के साथ एक पैनल चर्चा भी शामिल है, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य क्रांति को बढ़ावा देने के लिए अभिनव स्वास्थ्य समाधान पर विचार करेगा। आध्यात्मिक संगीत और प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा एक शास्त्रीय शिव तांडव प्रदर्शन और एक आत्मा को छूने वाला भक्ति संगीत कॉन्सर्ट का आयोजन किया जाएगा। पूरे कार्यक्रम के दौरान, 3 लाख से अधिक उपस्थित लोगों को आध्यात्मिक रूप से ऊर्जा से भरपूर भोजन दिया जाएगा, जिससे यह उत्सव सभी के लिए समावेशी और समृद्ध अनुभव बन जाएगा। कार्यक्रम विवरण: तिथि: 26-27 फरवरी 2025, सुबह 7 बजे से सुबह 7 बजे तक समय: 24 घंटे स्थान: हॉल नं. 1 बॉम्बे एक्सबिशन सेंटर, गोरेगांव, मुंबई प्रवेश: सभी के लिए निःशुल्क, अतिरिक्त जानकारी और पंजीकरण के लिए कृपया 91 77109 48461 पर कॉल करें। महाशिवरात्रि पंजीकरण के लिए: https://mahashivratr.

